कार्यालय अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या– 31/स्टा0आफि0/रा0प0/2012 दिनाँक 03–09–2012

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

महोदय,

मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद के हाल ही में कुछ जनपदों के भ्रमण के समय व्यवस्थाएं/शिष्टाचार आदि में कुछ खामियां प्रकाश में आयी हैं। आप भली–भांति अवगत हैं कि पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य के समय मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद तथा सदस्य (प्रशासनिक), राजस्व परिषद के भ्रमण के समय कुछ शिष्टाचार के नियम प्रचलित थे। अब यह देखने में आया है कि उन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई जगह भ्रमण के समय Escort तथा Pilot की व्यवस्था नहीं हो पाती है। कई जगह जहां मा0 अध्यक्ष का अवस्थान होता है वहां गार्ड की व्यवस्था नहीं रहती है तथा उचित स्तर के अधिकारी भी मौजूद नहीं रहते हैं। कृपया भविष्य में मा0 अध्यक्ष के जनपद भ्रमण के समय निम्नानुसार कार्यवाही करने की अपेक्षा की गयी है:–

1. मा0 अध्यक्ष के भ्रमण कार्यक्रम प्राप्त होते ही कार्यक्रम के अनुसार संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये जांय।
2. जिस जनपद में मा0 अध्यक्ष का भ्रमण हैं वहां Border से ही Escort तथा Pilot की व्यवस्था की जाय।
3. जहां मा0 अध्यक्ष का अवस्थान होता हैं वहां गार्ड की व्यवस्था की जाय।

जनपद मुख्यालय के आगमन पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक तथा मण्डल मुख्यालय के आगमन पर मण्डलायुक्त तथा डी0आई0जी0 रेंज की उपस्थिति सुनिश्चित हो। जनपद में भ्रमण के समय जिला सूचना अधिकारी को भी निर्देशित कर दिया जाय कि वे मा0 अध्यक्ष के कार्यक्रमों को cover करें तथा अन्य व्यवस्थाएं करें।

कृपया भविष्य में तद्नुसार कार्यवाही करने के निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

भवदीया,

स्टाफ आफिसर,
मा0 अध्यक्ष,
राजस्व परिषद।
का.प.

प्रतिलिपि :–

1. मण्डलायुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

स्टाफ आफिसर,
मा0 अध्यक्ष,
राजस्व परिषद।
का.प.